दैनिक
प्रातः कालीन
मुरादाबाद से प्रकाशित

वर्ष :-04
अंक:-261
मुरादाबाद
11 January 2025
(Saturday)
पृष्ठ:-08
मूल्य:- 3.00 रुपया

क्यूँ न लिखूँ सच

भारत सरकार से रजिस्टर्ड
RNI No.UPBIL/2021/83001
राष्ट्रीय हिंदी अंग्रेजी समाचार पत्र

प्रसारित क्षेत्र-बरेली, पीलीभीत, बदायूं, कासगंज, एटा, अलीगढ, संभल, श्रावस्ती, अलीगढ और उत्तराखंड

'राष्ट्र दूतों ने दुनिया में बदली भारत की छवि', पीएम ने कहा- सरकार को याद रखेंगे देश के नौजवान

'मेरी रिस्क लेने की क्षमता का पूरा इस्तेमाल नहीं हुआ' पीएम बोले- मुझे अपनी कोई परवाह नहीं

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने प्रमुख उद्यमी निखिल कामत को दिए एक पॉडकास्ट साक्षात्कार में सरकार और सरकार के कार्यप्रणाली पर भी बातचीत की है। इस दौरान पीएम मोदी न्यूनतम सरकार और अधिकतम शासन पर भ्रांतियों को भी दूर किया है।प्रधानमंत्री मोदी ने पॉडकास्ट में तमाम मुद्दों पर बातचीत की, इस दौरान पीएम ने कहा कि मिनिमम गर्वनेंट और मैक्सिमम गर्वनेंस में लोगों ने अपने-अपने अर्थ निकाले हैं। पीएम ने कहा- कुछ लोगों को लगा मंत्रियों की संख्या का मतलब मिनिमम गर्वनेंट, कुछ लोगों को लगा कर्मचारियों की संख्या मतलब मिनिमम गर्वनेंट, मेरी ये कल्पना कभी नहीं थी, ऊपर से मैंने तो आकर करके स्किल मंत्रालय अलग बनाई, सहकारिता मंत्रालय अलग बनाई, मत्स्य मंत्रालय अलग बनाई। तो देश में जिन-जिन फोकस एरिया होते हैं उसके मिनिमम गर्वनेंट

और मैक्सिमम गर्वनेंस की कल्पना- पीएम ने कहा, जब मैं मिनिमम गर्वनेंट और मैक्सिमम गर्वनेंस कहता हूं, हमारे यहां जो प्रोसेस चलती है लंबी...एक क्लीयरेंस लेना है तो छह-छह महीने चल रहा है। कोर्ट-कचहरी का मामला है, तो 100-100 साल तक पुराने केस अभी लटके पड़े हैं। इसलिए हमने क्या किया, करीब 40 हजार अनुपालन हमने निकाल दिए। वरना ये विभाग आपसे ये चीज मांगेगा, तो पास के अन्य विभाग भी आपसे वही चीज मांगेंगे। इस तरह से 40 हजार अनुपालन हिंदुस्तान के सामान्य जनता पर कितना भार पड़ता है। मैंने करीब-करीब 15 सौ कानून खत्म किए हैं। मैंने आपराधिक चीजों से जोड़ने वाले कानूनों को बदला है। ये मेरी मिनिमम गर्वनेंट और मैक्सिमम गर्वनेंस की कल्पना है। और मैं आज देख रहा हूं, ये सब चीजें हो रही है।टेक्नोलॉजी के इस्तेमाल से भ्रष्टाचार पर लगाम- साक्षात्कार में पीएम मोदी ने यूपीआई, ईकेवाईसी, आधार को लेकर किए गए सवाल पर कहा कि, आज मैं 30 सेकेंड में 10 करोड़ किसानों के खाते में सीधे पैसे भेज सकता हूं। मैं आज देश के 13 करोड़ गैस सिलेंडर के उपभोक्ताओं को सब्सिडी के पैसे एक क्लिक से 30 सेकेंड में भेज सकता हूं। क्योंकि जनधन खातों से देश के करोड़ों रूपये जो भ्रष्टाचार की भेंट चढ़ते थे वो गया और टेक्नोलॉजी का उपयोग हुआ। पूरी दुनिया के लिए अजूबा है यूपीआई- पीएम ने आगे कहा, आप यूपीआई को देखिए, ये पूरी दुनिया के लिए अजूबा है। दुनिया के मेहमान आते थे, पूछते हैं कि यूपीआई कैसे काम करता है। मैं उनको कहता हूं कि आप किसी वेंडर के यहां हो आइए। फिनटेक की दुनिया में और टेक्नोलॉजी को डेमोक्रेटाइज कैसे किया जाता है। ये दुनिया के सामने भारत ने एक उदाहरण पेश किया है। आज देश के नौजवानों के जेब में एक मोबाइल फोन हो, तो उसे किसी चीज की जरूरत नहीं है। और मेरे देश के नौजवान याद रखेंगे कि, कभी न कभी, एक ऐसी सरकार आई थी, जब पूरी दुनिया मेरी जेब में थी, मेरे मोबाइल में थी। राष्ट्रदूतों ने दुनिया में बदली भारत की छवि- वहीं पीएम मोदी ने दुनिया में भारत की छवि बदलने के सवाल पर कहा कि, पहली बात ये है कि मैंने बदला है, ये दावा करना वो सही नहीं है। मेरा मत ये है कि दुनिया में जो भी व्यक्ति जाता है, वो सरकार जिसको भेजती है वो राजदूत है... ये जाते हैं...राष्ट्रदूत हैं। हमारी नीति आयोग का एक शुरुआती उद्देश्य ये है कि विश्व भर में फैले हुए भारतीय समुदाय के सामर्थ्य को जोड़ना। तो सुविचारित मेरा मत है कि विश्व भर में ये जो सामर्थ्य है उन सबको जोड़ना चाहिए। इस ताकत का उपयोग पहले होता नहीं था। मैंने उसको चैनेलाइज करना शुरू किया। तो दुनिया के राजनेताओं को लगने लगा कि ये तो बहुत बड़ी ताकत है। इस सबके कारण देश की छवि बदली और बढ़ी है। पीएम मोदी ने बताया कि उन्होंने कभी किसी कंफर्ट जोन में जिंदगी नहीं बिताई। हमेशा कंफर्ट जोन के बाहर ही रहे, इसलिए उन्हें मालूम है कि कहां कैसे जिंदगी गुजारनी है।प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने पहली बार किसी पॉडकास्ट में हिस्सा लिया है। जीरोधा के सह-संस्थापक निखिल कामत ने पॉडकास्ट में उनसे बातचीत की। इस बातचीत में पीएम मोदी ने बताया कि उन्होंने अभी तक अपन जोखिम उठाने की क्षमता का पूरा इस्तेमाल नहीं किया। उन्होंने बताया कि उनके पास रिस्क लेने की क्षमता बहुत अधिक है। इसी के साथ उन्होंने उन्होंने एक किस्सा सुनाया। यह किस्सा उस समय का है जब पीएम मोदी आरएसएस में काम करते थे और गाड़ी चलाना सीख रहे थे। ढलान देखकर उन्होंने गाड़ी का इंजन बंद कर दिया, क्योंकि उन्हें लगा कि ढलान में गाड़ी खुद ही नीचे चली जाएगी और इंजन बंद करने से पेट्रोल की बचट होगी। पीएम मोदी ने कहा, मुझे ज्ञान नहीं था, गाड़ी असंतुलित होने लगी और तेजी से नीचे की जाने लगी। मैं ब्रेक लगाने लगा, लेकिन गाड़ी का इंजन बंद था। मेरे बगल वालों को भी मालूम नहीं चला कि मैंने क्या किया। उन्होंने आगे बताया कि अनुभवों से सिखने का मौका मिलता है। अनुभवों से ही जिंदगी सवरती है। पीएम मोदी ने किसी कंफर्ट जोन में नहीं बिताई जिंदगी- पीएम मोदी ने बताया कि उन्होंने कभी किसी कंफर्ट जोन में जिंदगी नहीं बिताई। हमेशा कंफर्ट जोन के बाहर ही रहे, इसलिए उन्हें मालूम है कि कहां कैसे जिंदगी गुजारनी है। उन्होंने खुद को कंफर्ट जोन के लिए अनफिट बताया। पीएम मोदी ने कहा, 卐अगर एक उद्योगपति भी कंफर्ट जोन से बाहर नहीं आता है तो उसका कंफर्ट जोन का लेवल अलग होगा।

एक समय के बाद वह खत्म हो जाएगा उसको अपने कंफर्ट जोन से बाहर आना ही पड़ेगा। जो जीवन के किसी भी क्षेत्र में प्रगति करना चाहता है, उसे कंफर्ट जोन का आदी नहीं बनना चाहिए। रिस्क लेने कि उसकी मनोभूमिका हनेशा उसकी ड्राइविंग फोर्स होती है। जब पीएम मोदी से यह सवाल किया गया कि उनके जीवन रिस्क लेने की क्षमता समय के साथ बढ़ रही है? इसका जवाब देते हुए पीएम मोदी ने कहा, 卐मुझे लगता है कि मेरी अभी तक रिस्क लेने की क्षमता का भरपूर इस्तेमाल नहीं हो पाया है। बहुत कम हुआ है। रिस्क लेने की क्षमता बहुत अधिक है इसका कारण है। मुझे परवाह ही नहीं है। मैंने अपने लिए सोचा ही नहीं। जो अपने बारे में नहीं सोचा, उसके लिए रिस्क लेने की क्षमता बेहिसाब होती है।

संक्षिप्त समाचार

जनरल बोगियों में सफर करने वालों के लिए खुशखबरी, कम किराए में इस लग्जरी ट्रेन का मजा ले सकेंगे यात्री

रेल मंत्री वैष्णव ने कहा, सबका साथ, सबका विकास की भावना के साथ बनाया गया है। आपको कई नई सुविधाएं देखने को मिलेंगी, जैसे सीटों और पंखों की गुणवत्ता, चार्जिंग पॉइंट, कुर्सियों में कमर का सहारा और नए डिजाइन वाले शौचालय। वंदे भारत ट्रेनों में भी लगातार सुधार किए जा रहे हैं। विस्टाडोम कोच में कई सुधार किए गए हैं। जैसे इसमें डाइनिंग कार जोड़ना। यह पर्यटकों के लिए किया गया है। यात्री मनोरम दृश्यों को देखते हुए भोजन कर सकते हैं। भविष्य में इस नए कोच का उपयोग जम्मू-कश्मीर में किया जाएगा। रेल मंत्री वैष्णव ने यह भी कहा कि 10,000 इंजनों में कवच लगाया जा रहा है और 15,000 किलोमीटर ट्रैकसाइड फिटिंग की जा रही है। इंजनों के सामने कैमरे भी लगाए जा रहे हैं। इससे पहले रेल मंत्रालय ने बताया था कि अमृत भारत ट्रेन में सामान्य और स्लीपर कोच होंगे। ताकि यात्रियों के लिए वहनीयता सुनिश्चित की जा सके और प्रीमियम वंदे भारत एक्सप्रेस जैसी सुविधाएं बरकरार रखी जा सकें। अमृत भारत का किराया वंदे भारत से कम होगा, लेकिन सुविधाएं बराबर ही रहेंगी।पहली अमृत भारत ट्रेन 30 दिसंबर, 2023 को सस्ती नॉन-एसी सेवाएं प्रदान करने के लिए शुरू की गई थी। ट्रेनों में एलएचबी स्लीपर क्लास, जनरल क्लास और एसएलआर कोच हैं। शंकु के साथ फिट किया जाता है।

'विपक्षी गठबंधन के अस्तित्व पर उठ रहे सवालों के लिए कांग्रेस जिम्मेदार', संजय राउत का आरोप

संजय राउत ने कहा कि हमने लोकसभा चुनाव एक साथ लड़ा था और नतीजे भी अच्छे आए थे। उसके बाद हम सभी की खासकर कांग्रेस की जिम्मेदारी थी कि हम इंडिया गठबंधन को जिंदा रखें। इंडिया गठबंधन के अस्तित्व पर लगातार उठ रहे सवालों के बीच उद्धव ठाकरे के नेतृत्व वाली शिवसेना ने कांग्रेस को जिम्मेदार ठहराया है। शिवसेना (यूबीटी) सांसद संजय राउत ने कहा कि लोकसभा चुनाव के अच्छे नतीजों के बाद कांग्रेस की जिम्मेदारी थी कि वह गठबंधन को जिंदा रखें और सभी दलों को एकजुट करके आगे का रास्ता दिखाएं। उन्होंने यह भी कहा कि अब तक गठबंधन की कोई बैठक नहीं हुई है, जिससे लोगों में संदेह उत्पन्न हो रहा है।शिवसेना (यूबीटी) सांसद संजय राउत ने कहा, %हमने लोकसभा चुनाव एक साथ लड़ा था और नतीजे भी अच्छे आए थे। उसके बाद हम सभी की, खासकर कांग्रेस की जिम्मेदारी थी कि

हम इंडिया गठबंधन को जिंदा रखें, साथ बैठें और आगे का रास्ता दिखाएं। लेकिन अब तक लोकसभा चुनाव के बाद ऐसी एक भी बैठक नहीं हुई है। यह इंडिया गठबंधन के लिए सही नहीं है।%उन्होंने आगे कहा, %उमर अब्दुल्ला, ममता बनर्जी, अखिलेश यादव, अरविंद केजरीवाल जैसे नेताओं का कहना है कि गठबंधन का अब कोई अस्तित्व नहीं है। अगर लोगों के मन में ऐसी भावना आती है तो इसके लिए विपक्षी गठबंधन की सबसे बड़ी पार्टी कांग्रेस जिम्मेदार है। कोई समन्वय नहीं है, कोई चर्चा नहीं है, कोई संवाद नहीं है। इसका मतलब है कि लोगों को संदेह है कि गठबंधन में सब कुछ ठीक है या नहीं। अगर यह एक बार टूट गया तो इंडिया गठबंधन फिर कभी नहीं बनेगा।%विपक्षी गठबंधन पर राजद सांसद मनोज कुमार झा ने कहा, %इंडिया गठबंधन राष्ट्रीय स्तर पर एक विकल्प प्रदान करने के लिए था। राज्यों में स्थितियां पूरी तरह से अलग हैं। तेजस्वी यादव ने भी यही बात कही थी। यही विपक्षी गठबंधन का मूल मंत्र है। इंडिया गठबंधन एक विचार था और यह विचार कभी खत्म नहीं होगा।%

केजरीवाल के बयान पर भड़के गिरिराज सिंह, बोले- जो अन्ना का नहीं हुआ, वह यूपी-बिहार का क्या होगा?

गिरिराज सिंह ने कहा कि अरविंद केजरीवाल बिहार और यूपी के लोगों को अपमानित कर रहे हैं, जो उनके मुख्यमंत्री बनने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते रहे हैं। उन्होंने कहा कि बिहार और यूपी के लोग दिल्ली की रीढ़

हैं।दिल्ली के पूर्व मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल के बिहार और उत्तर प्रदेश के लोगों पर दिए गए बयान ने एक नया राजनीतिक बवाल खड़ा कर दिया है। केंद्रीय मंत्री गिरिराज सिंह ने इस बयान पर केजरीवाल को आड़े हाथों लेते हुए तीखी प्रतिक्रिया दी है। उन्होंने कहा कि जो व्यक्ति अन्ना हजारे को धोखा दे सकता है, वह किसी का नहीं हो सकता। गिरिराज सिंह ने केजरीवाल को 'भ्रष्ट और बेशर्म' करार देते हुए उन पर जनता के साथ छल करने का गंभीर आरोप लगाया।केंद्रीय मंत्री गिरिराज सिंह ने कहा कि जो व्यक्ति अन्ना हजारे का नहीं हुआ, जिसने उन्हें धोखा दिया, वह आज बिहार और यूपी के लोगों को गाली देने का काम कर रहा है। केजरीवाल जैसे नेता बेशर्म हैं। उन्होंने कहा था कि अगर यमुना साफ नहीं हुई तो वोट नहीं मांगूंगा। लेकिन उन्होंने न यमुना को साफ किया और न ही जनता से किए गए अपने वादे पूरे किए। इसके बावजूद, वे बार-बार चुनाव में जनता को छलते रहे। बिहार और यूपी के लोगों का किया अपमान'- गिरिराज सिंह ने जोर देकर कहा कि अरविंद केजरीवाल बिहार और यूपी के लोगों को अपमानित कर रहे हैं, जो उनके मुख्यमंत्री बनने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते रहे हैं। उन्होंने कहा कि बिहार और यूपी के लोग दिल्ली की रीढ़ हैं। यही लोग केजरीवाल को सत्ता में लेकर आए। लेकिन आज वह उन पर कटाक्ष कर रहे हैं। क्या कहा था अरविंद केजरीवाल ने?- दरअसल, मामला तब शुरू हुआ जब केजरीवाल ने एक कार्यक्रम के दौरान कहा कि बिहार और यूपी के लोग दिल्ली में केवल इलाज कराने और सरकारी योजनाओं का लाभ उठाने आते हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि ये लोग दिल्ली में 'पांच लाख रुपये का गोलमाल' कर रहे हैं। इस बयान के बाद न केवल राजनीतिक हलकों में बल्कि आम जनता में भी तीखी प्रतिक्रियाएं देखने को मिलीं।

सीएम योगी ने दी चेतावनी : भू माफिया को देर सवेर खाली करनी ही होगी भूमि, योगी के निशाने पर माफिया

मुख्यमंत्री ने भू माफिया को भी निशाने पर लिया। सीएम योगी ने चेतावनी दी कि भू माफिया ने प्रयागराज में जो सैकड़ों एकड़ भूमि कब्जाई है, उसे खाली करना ही पड़ेगा। सीएम योगी ने प्रयागराज के भूमि पर तमाम भूमाफिया ने कब्जा किया स्वतंत्रता सेनानी और समाजसेवी कमला कि यह सुखद संयोग है कि राजधानी करने का अवसर मिला और आज करने का अवसर प्राप्त हो रहा है। इस अवसर चेतावनी दी कि भू माफिया ने प्रयागराज योगी ने प्रयागराज के भूमाफिया को निशाने ने कब्जा किया हुआ है। देर सवेर तो इसे

भूमाफिया को निशाने पर लेते हुए कहा कि प्रयागराज में सैकड़ों एकड़ हुआ है।मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शुक्रवार को प्रयागराज में पूर्व बहुगुणा की प्रतिमा का अनावरण किया। इस दौरान सीएम योगी ने कहा लखनऊ में पूर्व सीएम हेमवती नंदन बहुगुणा की प्रतिमा का भी अनावरण प्रयागराज में स्वतंत्रता सेनानी कमला बहुगुणा की प्रतिमा का भी अनावरण पर मुख्यमंत्री ने भू माफिया को भी निशाने पर लिया। सीएम योगी ने में जो सैकड़ों एकड़ भूमि कब्जाई है, उसे खाली करना ही पड़ेगा। सीएम पर लेते हुए कहा कि प्रयागराज में सैकड़ों एकड़ भूमि पर तमाम भूमाफिया खाली होना ही है। इससे पूर्व सीएम योगी के मंच पर चढ़ते जय श्री राम, हर हर महादेव, हर हर गंगा मैया, वंदे मातरम का भी उदघोष हुआ।कमला बहुगुणा के संघर्ष को किया याद- मुख्यमंत्री ने इस अवसर पर पूर्व स्वतंत्रता सेनानी कमला बहुगुणा के संघर्ष को भी याद किया। सीएम योगी ने कहा, कमला बहुगुणा ने बचपन से ही ब्रिटिश शासन के खिलाफ आंदोलन में हिस्सा लिया। आठ साल की उम्र में ही उन्होंने ब्रिटिश हुकूमत के खिलाफ नारे लगाए, जिसके कारण उन्हें ब्रिटिश पुलिस ने प्रताड़ित भी किया। जब उन्होंने घर में अपनी मां से शिकायत की तो मां ने उन्हें और मजबूत किया। मां बोलीं कि यह देश की आजादी के लिए संघर्ष का हिस्सा है और हमें इस तरह पिटाई की आदत डालनी होगी। तभी अंग्रेजों से हम अपने देश को आजादी दिला पाएंगे।सीएम योगी ने बताया कि 2019 के महाकुंभ के दौरान एक शिविर में पहुंचे। वहां पता चला कि कमला बहुगुणा ने 1954 में ही एक शिविर की शुरुआत की थी, जो आज भी संचालित होता है। यहां खोया-पाया के साथ ही कई प्रकार से श्रद्धालुओं की मदद की जाती है। मुख्यमंत्री योगी ने बहुगुणा परिवार के स्वतंत्रता संग्राम में योगदान को सराहा। उन्होंने कहा, हेमवती नंदन बहुगुणा ने मुख्यमंत्री और केंद्रीय मंत्री के पद पर रहते हुए भी कभी भौतिक संपत्ति की चाह नहीं की। वे यहीं प्रयाग में किराए के मकान में रहते थे, जबकि वे आसपास के सभी घर खरीद सकते थे। उनकी यही विशेषता बहुगुणा परिवार को यादगार बनाए रखेगी।सीएम योगी ने महाकुंभ के आयोजन के महत्व पर भी जोर दिया। सीएम ने कहा कि लोगों के अंतर्मन में जो भाव अयोध्या के लिए था, वही भाव आज महाकुंभ के लिए भी है। सीएम योगी ने कहा कि प्रयाग एक पवित्र स्थान है, जहां न केवल मनुष्य, बल्कि पवित्र आत्माएं भी पहुंचती हैं। यही कारण है कि स्वच्छ प्रयाग की कल्पना को साकार करने की दिशा में युद्धस्तर पर काम किया जा रहा है।मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने महाकुंभ के आयोजन के लिए सभी श्रद्धालुओं को शुभकामनाएं दीं। उत्तराखंड के पूर्व मुख्यमंत्री विजय बहुगुणा ने भी कार्यक्रम के दौरान संबोधित किया। उन्होंने कहा कि वे विदेश में थे। वहीं पर महाकुंभ के जरिए यूपी की बदलती तस्वीर की खबरें आने लगीं। उन्होंने कहा कि यूपी के विकास की खबरें देश दुनिया में पहुंच रही हैं। इस दौरान डिप्टी सीएम केशव प्रसाद मौर्य और ब्रजेश पाठक, जल शक्ति मंत्री स्वतंत्र देव सिंह उपस्थित रहे। पूर्व सांसद रीता बहुगुणा जोशी ने मंच का संचालन किया।

संपादकीय Editorial

Anti-women obscene foul language

The elections in the Delhi semi-state are not just heating up, they are boiling. Who is a 'disaster' in Delhi and who is 'unlucky', 'scamster'? Before analysing these questions, we would like to know from Prime Minister Modi whether BJP is a party of foul-mouthed leaders as well? The Prime Minister is not only silent on such leaders, but they have also been made candidates in the elections. Currently, Ramesh Bidhuri is notorious as the most foul-mouthed, uncivilized, unruly leader of BJP. He has been a Lok Sabha MP twice and an MLA thrice. He is not a novice, childish or immature leader. BJP has made him a candidate from Kalkaji assembly constituency against Delhi Chief Minister Atishi. Congress's Alka Lamba is also in the fray. Bidhuri said from a public platform that he will get all the roads of Kalkaji made like Priyanka Gandhi's cheeks. While giving this obscene, irrelevant analogy, Bidhuri gave the example of Lalu Yadav, who in 2005 had announced to make the roads of Bihar like Hema Malini's cheeks. That analogy was also obscene and this time the analogy is also vulgar, anti-women. When Bidhuri's statement created a huge political uproar, he withdrew his statement and expressed regret, not apologised. The ugliness of the crime cannot be reduced by just expressing regret. Anyway, shortly after this incident, Bidhuri once again used foul language from the stage from where Prime Minister Modi was scheduled to address and said that Atishi has changed her father. This is not an insult to a woman, but to the people of Delhi and the Chief Minister there. This vulgar, disgusting, anti-women, anti-half the population statement is also an insult to democracy. Can the Prime Minister call for voting for BJP and throwing out AAP-Da on such foul language? Should the women of Delhi vote for such 'habitual criminals'? In fact, Ramesh Bidhuri has become 'addicted' to such foul language. In the last Lok Sabha, he addressed opposition MP Danish Ali as 'Oye...Oye..' and termed the entire Muslim community as 'terrorists'. An inquiry committee was set up against Bidhuri, but what was its conclusion and decision, what action was taken, is not public information till date. Of course, the BJP did not make him a candidate in the Lok Sabha elections, because a public wave was being felt against him in the area. Now why was he fielded in the assembly elections? That is, the BJP does not consider Bidhuri's foul language as 'uncivilized, antisocial, obscene' statements. The statements made by Bidhuri this time attack the honor, self-respect and character of an average woman, which are not acceptable in any civilized society. In the last 10 years of politics under the leadership of Prime Minister Modi, women have voted in large numbers for the BJP, which has ensured the victory of the BJP. The irony is that the Speaker in Parliament and the Election Commission outside Parliament, in public life, do not take cognizance of such foul language, let alone punishing them. Vulgar statements are not limited to Priyanka Gandhi alone. Congress leaders are now comparing Kangana Ranaut and Katrina Kaif's cheeks because Hema Malini has grown old. Women have also been called 'Parakati'. While in the Congress, Sanjay Nirupam had called the then Union Minister Smriti Irani 'Thumke wali'. The question is whether various political parties will continue to give 'protection' to such foul-mouthed leaders?

Evaluating Manmohan Singh's legacy, left a huge mark on the Indian policy scene

This is not an attempt to devalue Manmohan Singh's achievements, experience and personality, but it is related to the larger interest of the Indian democratic system. People choose their destiny-maker through the mandate of the people and such a person cannot hand over his rights to anyone else, even if that person has been in the Rajya Sabha for a long time. The country witnessed these situations between 2004 and 2014. After the demise of former Prime Minister Dr. Manmohan Singh, mourning was expressed from the middle class to the business world and industrial and political circles. Despite not being a true leader, he achieved so much on the political front, which some people can only imagine. Dr. Singh was also an intellectual and he left a huge mark on the Indian policy scene. However, it cannot be ignored that Dr. Singh could not make the expected impact in the way people sitting at the top of the political scene have the ability to influence the policies. Whether it was as Prime Minister or as Finance Minister before that, his role was mainly that of an assistant-adviser to the heavyweights with real political power, who worked to implement acceptable policies through the bureaucracy. When he was Prime Minister, all the political power was with Sonia Gandhi, who was involved in all the crucial decisions at that time. She had the power to encourage Manmohan Singh to take any decision as well as to stop him from taking any decision. Similarly, when Dr. Singh was the Finance Minister, it was actually Prime Minister Narasimha Rao who gave the green signal to the liberalization of the economy. It is an irony that Rao did not get the respect and place in Indian history which he completely deserved. He showed India the right path in the global era of instability after the Cold War and no matter how many questions are raised on him regarding the incident of December 6, 1992, this does not make his legacy questionable. The journey of people active in politics goes through various stages of ups and downs. Of course, the path is not easy for those who come from political families, but for those who do not have any political background, this journey becomes even more difficult. Only those who move forward through some kind of direct election become the true travelers of the political path. The political lessons gained through elections shape a person into a true leader. It helps them understand how to gauge the pulse of the public. More importantly, such leaders are successful in winning the trust of the public because they come to know through long-term communication with them what is in their minds and what they want. They become companions of the people in their joys and sorrows. This is an experience that people from the academic world, technocrats and private sector professionals may never be able to acquire. Therefore, it is completely justified that in a democratic system, only those people are eligible to occupy high political positions who can win the trust of the people. This aspect becomes even more remarkable in the case of the Prime Minister. This is not a post that should ever be filled through outsourcing. This is not an attempt to devalue Manmohan Singh's achievements, experience and personality, but it is related to the larger interest of the Indian democratic system. People choose their destiny-maker through the mandate and such a person cannot hand over his rights to anyone else, even if that person has been in the Rajya Sabha for a long time. The country witnessed the same situations between 2004 and 2014. This criterion of mandate applies to Jawaharlal Nehru, Indira Gandhi and Narendra Modi. Modi is leading the NDA on the basis of the mandate. Would it have been appropriate if he had remained active behind the scenes and handed over the post of Prime Minister to a professional? This point cannot even be considered, because people themselves expect that as long as they want, Modi should lead. Of course it cannot be said that leaders or Prime Ministers do not have political compulsions or requests. Of course this happens and they choose their options within those limits. It is believed that Atal Bihari Vajpayee wanted to make Jaswant Singh the Finance Minister, but could not do so due to pressure from the Sangh Parivar. Much later, in 2002, he was able to entrust the responsibility of the Finance Ministry to Jaswant Singh. This shows that the power equations had become more favourable to Atalji then. This is the character and nature of politics. Similarly, in the initial period after independence, Jawaharlal Nehru had to struggle with the pressure of the traditionalist section of his own party, but later he was successful in strengthening his hold through electoral victory. The same can be said about Indira Gandhi, who established her political dominance by splitting the Congress. Great administrators, strategic experts, soldiers, academics, entrepreneurs, diplomats, artists and people active in various other fields contribute to the country at their own level. They deserve respect and honour. Despite this, they should not aspire for the top political position and if the people who have received the mandate entrust them with such a responsibility in view of their interests, then the responsibility for the good or bad decisions taken during that period should also be of the same political people who entrust them with power. A clear distinction should be made between those people, Those who gain the trust of the people through the electoral process and those who win the mandate hand over power as a gift. The spirit of the Indian constitutional structure and political system is not rooted in such a gift system. In countries like America, this is almost impossible. Donald Trump has been elected President and he cannot transfer this mandate to anyone else.

Innovation is the engine of the new economy, more important than financial resources

30 percent of the country's startups are active in tier-2 and tier-3 cities and are creating more than five lakh jobs every year. Most of these enterprises started with a modest capital of just a few lakh rupees. The conclusion is that capital is very important for the enterprise but innovation is the real engine of the new economy. Now capital follows innovation. Industrialist Kumar Mangalam Birla recently said, 'Today even one crore rupees is not enough to start any business.' He was highlighting the aspect of expanding the business on a large scale and the capital required for it. At the same time, based on my experience of promoting innovation, I feel that today innovation and creativity are more important than financial resources. A simple innovation often provides extraordinary power than huge capital. More than 1.4 lakh startups are registered in India under Startup India. Lakhs of startups are preparing to come into existence. Most startups depend on modest research grants or small personal savings. From my association with the Startup Incubation and Innovation Centre (SIIC) at IIT Kanpur, I can say that most startups are armed with determination and a compelling idea and rely on small grants. In many ways, they start with as little as a lakh of rupees, provided by some government or non-government agency. These grants enable them to develop lab-scale prototypes and validate proof of concept. Once things move forward, they get access to angel investors. Angel Investor Ecosystem Early-stage startups receive about Rs 10,000 to Rs 15,000 crore every year through angel funding and government grants from bodies such as DPIIT, DST and Ministry of Defence, which are useful in meeting the initial needs of these new ventures. The venture capital or VC industry is also playing an important role in this. Stanford University visionary Professor Frederick Terman understood the potential of startups when he encouraged William Hewlett and David Packard to set up Hewlett-Packard Company. Later, this became the giant computer brand HP. Silicon Valley of America is full of such success stories of enterprises. In India itself, the VC industry has grown rapidly in the last 10 years. Till the year 1993, where only eight companies in this sector managed less than Rs 100 crore per year, now more than 1,750 companies are active in this industry, whose investment is close to two lakh crores per year. The traditional thinking is that it is necessary for a business to be big to compete. However, today's globalized economy has put a question mark on this concept, because even small companies expand their scope very quickly and become established at the global level. InMobi and Zoho are examples of this. They can be assessed not only by capital, but also by their innovative capabilities. These capabilities of theirs make them competitive. If we look at the famous Dabbawalas of Mumbai, they are a great example of expanding their scope through simplicity rather than capital. They distribute lunch boxes on a large scale every day and that too with limited infrastructure. In the new economy, wealth is also being rapidly created through intellectual property (IP). Innovation is the most important aspect of IP. IP not only helps in wealth creation but also in competition and growth. According to the World Intellectual Property Organization, the value of global IP assets was more than $100 trillion in 2020 and continues to grow. IP filings by startups in India have increased almost fivefold between 2013-14 and 2023-24. Innovation is not just limited to new and emerging technologies. Its success stories highlight the diverse and innovative spirit that is driving growth across India. If the question is whether innovation is more important or financial capital, then the facts speak for themselves. It is estimated that the startup ecosystem will create more than one crore jobs every year by 2025. According to a survey by NASSCOM and Zinnov in 2020, more than 58 percent of Indian students preferred to start their own startup over traditional career options. More than 70,000 startups were registered with DPIIT in 2023. Most of their founders are under 30 years of age. Tier-2 and Tier-3 cities account for 30 percent of the country's startups and are creating more than five lakh jobs every year. Most of these ventures started with a modest capital of just a few lakh rupees. The bottom line is that capital is extremely important for enterprise, but innovation is the real engine of the new economy. Now capital follows innovation. Success in business comes not from the size of your capital, but from the power of your ideas. Innovation is the biggest catalyst of growth, which turns dreams into ventures and obstacles into opportunities.However, today's globalized economy has put a question mark on this concept, because even small companies expand their scope very quickly and become established at the global level. InMobi and Zoho are examples of this. They can be assessed not only by capital, but also by their innovative capabilities. These capabilities of theirs make them competitive. If we look at the famous Dabbawalas of Mumbai, they are a great example of expanding their scope through simplicity rather than capital. They distribute lunch boxes on a large scale every day and that too with limited infrastructure.

जश्ने ग़रीब नवाज़ व उर्से सरकारे कलां हज़रत मुफ्ती सय्यद मुस्तजाब हुसैन क़दीरी ने किया हाज़रीन से ख़िताब

क्यूँ न लिखूँ सच -यूसुफ सिटी

मुरादाबाद की मारूफ शख़्सियत जनाब हाफिज़ मौहम्मद हनीफ साहब मरहूम के मकान पर ऐच ऐम ऐच हेनडी गिराफ्ट मोहल्ला लाल मस्जिद मुरादाबाद मे दो रोज़ा जश्ने ग़रीब नवाज़ व उर्से सरकारे कलां मुनअक़िद हुवा। पहले दिन 9 जनवरी जुमरात को बादे नमाज़े इशा तिलावते क़ुरआने करीम से महफ़िल का आग़ाज़ किया गया। इसके बाद मशहूर सना ख़्वां इरफान अशरफी, मास्टर नाज़ि अशरफी, परवेज़ अशरफी, अली क़दीरी, मोहसिन अशरफी, हस्सान अशरफी, कलीम अशरफी के साथ साथ पीर ज़ादा हाफिज़ सय्यद बूतुराब हुसैन क़दीरी ने भी नातिया व मनक़बती कलाम पेश किए। महफ़िल की सरपरस्ती मुरादाबाद की मश्हूरो मारूफ शख़्सियत हज़रत मुफ्ती सय्यद मुस्तजाब हुसैन क़दीरी ने फरमाइ और आप ने हाज़रीन से ख़िताब करते हुए ख़्वाजा ग़रीब नवाज़ और सरकारे कलां की ज़न्दिगी पर रोशनी डाली और बुज़ुर्गों की तालीमात पर अमल करने की नसीहत की। महफ़िल मे पी ज़ादा हाफिज़्सू सय्यद बूतुराब हुसैन क़दीरी, सूफी अब्दुर्रहमान क़ादरी चिशती , सूफी शमसुल हसन क़दीरी ताज वाले, सूफी मौहम्मद जमाल इसहाक़ी, सूफी गुलाम साबिर क़दीरी,सूफी अब्दुल माजिद क़ादरी चिशती, मुफ्ती क़ासिम रज़ा अकरमी , मौलाना वसीम मदारी, के साथ साथ शहर के दीगर मोअज़ि हज़रात भी शरीक रहे। दूसरे दिन 10 जनवरी को जुमे की नमाज़ के बाद क़ुल शरीफ हुवा और हज़रत मुफ्ती सय्यद मुस्तजाब हुसैन क़दीरी ने दुआ फरमाइ। क़ुल शरीफ के बाद हज़ारों कि तादाद मे शरीक हाज़रीन को लंगर पेश किया गया। इस दो रोज़ा प्रोग्राम के इन्तेज़ामो एहतेमाम मे मौहम्मद नईम अशरफी, मौहम्मद मोहसिन अशरफी, मौहम्मद कलीम अशरफी, मौहम्मद हस्सान अशरफी वसीम अशरफी। मौहम्मद आलम, मौहम्मद ज़की, मौहम्मद नोमान व दीगर एहले ख़ाना पेश पेश रहे।

जीआईसी के प्रिंसिपल श्यामा कुमार बने संभल के डीआईओएस

वहीं मुरादाबाद के पूर्व बीएसए रहे अजीत कुमार को बनाया गया बरेली का डीआईओएस

मुरादाबाद। शासन ने प्रधानाचार्य श्यामा डीआईओएस बना बीएसए रहे अजीत डीआईओएस बनाया में ही डायट में प्रवक्ता शिक्षा अनुभाग 6 के कुमार की ओर से 9 मुरादाबाद के प्रधानाचार्य श्यामा जिला विद्यालय बनाया गया है। वह 5 वर्ष से अधिक समय से राजकीय इंटर कॉलेज में यहां प्रधानाचार्य के पद पर अपनी सेवाएं दे रहे हैं। उन्होंने बताया कि वह मूलरूप से हरदोई जिले के रहने वाले हैं। शुरूआत में वह अपने जिले में एडेड कॉलेज में शिक्षक के पद पर थे। 2005 में राजकीय सेवा में आए और शिक्षण के माध्यम से छात्रों के भविष्य को बेहतर बनाना ही उनकी प्राथमिकता रही। उन्होंने बताया कि जिला विद्यालय निरीक्षक के रूप में वह आगामी बोर्ड की परीक्षाओं को नकल विहीन, पारदर्शी तरीके से कराने में पूर्ण मनोयोग से कार्य करेंगे। साथ ही शासन की शिक्षा नीति व उसके कार्यक्रमों को आगे बढ़ाएंगे।वहीं शासन ने मुरादाबाद में पूर्व में बीएसए पद पर तैनात रहे अजीत कुमार जो वर्तमान में बरेली डायट में प्रवक्ता हैं उन्हें बरेली में ही डीआईओएस बना दिया है।

राजकीय इंटर कॉलेज के कुमार को संभल जिले का दिया है। वहीं जिले में पहले कुमार को बरेली में गया है। वह वर्तमान में बरेली हैं। शासन के माध्यमिक विशेष सचिव आलोक जनवरी को जारी आदेश में राजकीय इंटर कॉलेज के कुमार को संभल जिले का निरीक्षक (डीआईओएस)

बुध बाजार में अतिक्रमण हटाओ अभियान का दुकानें बंद कर व्यापारियों ने जताया विरोध, बोले-उत्पीड़न बर्दाश्त नहीं करेंगे

मुरादाबाद। बुध बाजार में पूर्व निर्धारित कार्यक्रम व नगर आयुक्त दिव्यांशु पटेल के द्वारा जारी रोस्टर के अनुसार अतिक्रमण हटाने का अभियान चलना था। लेकिन व्यापारियों ने व्यापारी सुरक्षा फोरम के बैनर तले व्यापारियों ने एकजुटता दिखाते हुए अपनी दुकानें बंद कर नारेबाजी कर विरोध जताया।फोरम के महामंत्री नितिन राज ने कहा कि नगर निगम प्रशासन अतिक्रमण हटाने के नाम व्यापारियों का उत्पीड़न कर रहा है। पहले जो चिह्नीकरण किया गया था वह उससे बढ़कर दुकानों के आगे निर्माण तोड़ना चाह रहे हैं। व्यापारी अभियान का विरोध नहीं कर रहे हैं, हम चाहते हैं कि व्यापारियों के हितों की सुरक्षा होना चाहिए, उनका उत्पीड़न नहीं होना चाहिए। व्यापारियों ने दुकानों को बंद कर अपनी बात रखने को मजबूर हुए हैं। इस दौरान आशीष, अजय नारंग, विक्की अग्रवाल, अशोक, अशोक मदान, विजय मदान, संजय सहगल सहित बड़ी संख्या में व्यापारी मौजूद हैं। वहीं अपर नगर आयुक्त द्वितीय व अभियान के नोडल अधिकारी अजीत कुमार का कहना है कि व्यापारियों को एक दो दिन नहीं कई महीने पहले से खुद ही अपना अतिक्रमण हटाने का अवसर दिया गया था।पिछले दिनों भी घोषणा कराकर और व्यापारियों से अपना अतिक्रमण हटाने के लिए कहा गया था। रोस्टर जारी कर 10 जनवरी से अतिक्रमण हटाने के लिए सबको जानकारी दी गई थी। किसी का उत्पीड़न नहीं हो रहा है। नियमों के अनुसार अभियान चलेगा।

जिलाधिकारी की अध्यक्षता में नगर पालिका एवं नगर पंचायतों के कार्यो की मासिक समीक्षा बैठक आयोजित

अधिशासी अधिकारियों को कूडा कलेक्शन एवं वियोजन पर विशेष ध्यान देने की जररुत जिलाधिकारी

श्री अनुज सिंह की अध्यक्षता में आज कलेक्टेऊट सभागार में नगर पालिका परिषदों एवं नगर पंचायत के कार्यो की मासिक समीक्षा बैठक संपन्न हुई। बैठक में जिलाधिकारी ने समस्त अधिशासी अधिकारियों को कूड़ा कलेक्शन एवं वियोजन पर विशेष ध्यान देने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि लोगों को कूड़ा वियोजन को लेकर प्रेरित करें। इसके साथ ही उन्होंने समस्त अधिशासी अधिकारियों को एमआरएफ सेंटर को अच्छे से संचालन हेतु निर्देशित किया। उन्होंने कर करेत्तर में प्रगति बनाने हेतु उचित कार्यवाही करने के निर्देश दिए। समस्त नगर पालिका और नगर परिषदों को राजस्व बढ़ाने वाले कार्यों एवं परिसंपत्तियों पर विशेष ध्यान देने के निर्देश दिए। इसके साथ ही जिलाधिकारी ने समस्त अधिशासी अधिकारियों को अपने-अपने कार्य क्षेत्र में सौन्दर्यकरण एवं साफ सफाई पर भी ध्यान देने के निर्देश दिए।

एक तरफ पार्कों का सौंदर्यीकरण, दूसरी ओर बदइंतजामी...लोगों को हो रही परेशानी

आशियाना सहित कई अन्य पार्कों का कराया जा रहा सौंदर्यीकरण, अटल पथ पर स्थित चंद्रशेखर पार्क में बदइंतजामी से लोगों को परेशानी

मुरादाबाद। एक तरफ जहां महानगर के पार्कों का स्मार्ट सिटी लिमिटेड व नगर निगम की ओर से सौंदर्यीकरण व उनको विकसित कराया जा रहा है। वहीं उसकी देखभाल में बदइंतजामी भारी पड़ रही है। पार्क में लगे झूले कहीं टूटे हैं तो कहीं लोग ओपन जिम में लगे उपकरणों से फिटनेस बना रहे हैं। ऐसे में पार्कों के सौंदर्यीकरण के साथ ही उसकी निगरानी भी निगम प्रशासन को करानी होगी। तभी इसकी उपयोगिता नागरिकों के लिए रहेगी। स्मार्ट सिटी लिमिटेड की ओर से महानगर के 10 पार्कों को प्रथम चरण में विकसित कराया गया। इसमें ओपन जिम भी स्थापित किए गए। पार्कों में बच्चों के खेलने के लिए झूले, ओपन जिम में उपकरण आदि लगे हैं। कई जगह उपकरणों के सही होने पर बच्चे और नागरिक खेलकूद कर और कसरत कर खुद को फिट रख रहे हैं। तो कहीं बदइंतजामी के चलते इसकी उपयोगिता नहीं हो रही है। पार्कों में देखभाल के इंतजाम नदारद होने से लोगों को परेशानी हो रही है। सिविल लाइंस स्थित अटल पथ स्थित चंद्रशेखर पार्क भी बदहाल है। यहां पर पार्क में लगे झूले टूटकर जमीन पर धराशायी हैं। तो कई उपकरणों की देखभाल न होने से वह कई जगह से टूट गए हैं। इस पार्क में महिला शौचालय में ताला बंद है। तो पार्क के कई हिस्सों में कूड़ा पसरा है। इस पार्क की बदइंतजामी से लोगों को यहां आने में संकोच होता है। क्योंकि यहां पर लंबे समय तक शौचालय बदहाल रहा। दरवाजे भी नहीं लगे थे। बाद में दरवाजे लगे तो उस पर ताला जड़ा है। कमोवेश यही स्थिति अन्य पार्कों की भी है। हालांकि कई पार्कों में सुविधाओं के बढ़ने से लोग इसका आनंद भी ले रहे हैं। आशियाना फेज एक में शिवशक्ति मंदिर वाले पार्क में हाल में ओपन जिम के अन्तर्गत लगे उपकरणों का लाभ आसपास के नागरिक सुबह शाम उठा रहे हैं। बच्चों की छुट्टी के दिनों में वह भी झूले आदि के अलावा पार्क में लगे अन्य उपकरणों का प्रयोग भी बड़ों के साथ कर रहे हैं।

संक्षिप्त समाचार

मुरादाबाद के काव्य गुप्ता ने KBC में जीते 6.40 लाख, महानगर के किस्सों को भी साझा किया

मुरादाबाद। महानगर की इंद्रा कॉलोनी निवासी काव्य गुप्ता ने टीवी शो कौन बनेगा करोड़पति (केबीसी) में प्रतिभाग करके सीट पर खेलते हुए 6.40 लाख रुपये की धनराशि जीती है। वहीं उन्होंने शो होस्ट अमिताभ बच्चन के साथ महानगर के किस्सों को भी साझा किया। रियलिटी शो कौन बनेगा करोड़पति में हॉट सीट पर बैठकर अभिनेता अमिताभ बच्चन के सवालों के जवाब देने की हसरत बहुत से लोगों की रहती है। यह तमन्ना शहर के काव्य गुप्ता की पूरी हो गई। फास्टेस्ट फिंगर फस्ट चरण में काव्य ने सबसे जल्दी जवाब दिया और अमिताभ बच्चन ने उनका नाम लिया तो वह भावुक हो उठे। काव्य ने हॉट सीट पर बैठकर खेलते हुए 6.40 लाख रुपये की धनराशि जीती है। गुरुवार को काव्य गुप्ता का एपिसोड टीवी पर प्रसारित भी हुआ। बड़ी बहन कनक गुप्ता ने बताया कि काव्य मूंढापांडे स्थित कॉलेज से लॉ की पढ़ाई कर रहे हैं। मां रिशा गुप्ता आंगनबाड़ी में काम करती हैं। इससे पहले कनक ने भी वर्ष 2023 में केबीसी में प्रतिभाग करके 3.20 लाख रुपये जीते थे।

गौरीशंकर मंदिर में जीर्णोद्धार कार्य में तेजी, जल्द शुरू होगी पूजा

जिलाधिकारी के आदेश पर चल रहा जीर्णोद्धार का कार्य, नगर निगम प्रशासन लगवाएगा गेट और टाइल्स

मुरादाबाद। प्राचीन गौरीशंकर मंदिर में जीर्णोद्धार कार्य में तेजी आई है। इस कार्य को पूरा कराकर जल्द ही इसमें पूजा पाठ सुचारू रुप से होगा। जिलाधिकारी के आदेश पर प्रशासन, पुलिस व नगर निगम की निगरानी में काम चल रहा है। प्राचीन गौरीशंकर मंदिर में बाहरी दीवारों की रंगाई पुताई के साथ ही गर्भगृह में जाने के लिए सीढ़ियों को निर्माण भी चल रहा है। मंदिर के सेवायत सेवाराम सैनी की शिकायत पर जिलाधिकारी अनुज सिंह ने मंदिर का निरीक्षण कर व्यवस्था सुचारू कराने का आदेश दिया था। जिसके बाद नगर निगम प्रशासन ने मंदिर का जीर्णोद्धार कराने का जिम्मा उठाया। प्रशासन व पुलिस की ओर से मंदिर में सुरक्षा व्यवस्था की निगरानी की जा रही है। महापौर विनोद अग्रवाल व नगर आयुक्त दिव्यांशु पटेल के बीच बनी सहमति के क्रम में मंदिर में टाइल्स लगवाने के साथ ही रंगाई पुताई कराई जा रही है। इसके अलावा मंदिर में आने जाने के प्रवेश द्वार पर भव्य गेट भी निगम प्रशासन लगवाएगा। मंदिर के सेवायत के अलावा स्थानीय नागरिक भी जिला प्रशासन व नगर निगम की पहल पर मंदिर के जीर्णोद्धार कराने पर खुशी जता रहे हैं। जिलाधिकारी ने बताया कि मंदिर में जल्द ही सभी व्यवस्था सुचारू करा दिया जाएगा।

क्यूँ न लिखूँ सच

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक नरेश राज शर्मा द्वारा ए0एच0प्रिंटर्स, ए-11, असालतपुरा, लंगड़े की पुलिया, मुरादाबाद-244001(उत्तर प्रदेश) से छपवाकर कार्यालय म.नं. 210 खा सीतापुरी,डबलफाटक जनपद-मुरादाबाद (उत्तर प्रदेश) से प्रकाशित एवं वितरित किया।

संपादक - नरेश राज शर्मा

मो. 9027776991

RNI NO- UPBIL/2021/83001

इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादक हेतु पीआरबी एक्ट के अन्तर्गत उत्तरदायी होंगे तथा समस्त विवाद मुरादाबाद न्यायालय के अधीन होंगे।

क्यूँ न लिखूँ सच समाचार पत्र में सभी पद अवैतनिक है

किसान मुफ्त बिजली योजना में कराएं पंजीयन में लाएं तेजी

क्यूँ न लिखूँ सच

आज जिलाधिकारी निधि श्रीवास्तव ने शुक्रवार को कलेक्ट्रेट स्थित सभाकक्ष में किसान मुफ्त बिजली योजना के कार्यों की समीक्षा बैठक की अध्यक्षता करते हुए योजना का व्यापक प्रचार प्रसार कर अधिक से अधिक किसानों को लाभान्वित करने के लिए कहा। उन्होंने कहा कि निर्धारित तिथि 31 मार्च 2025 तक अधिक से अधिक किसानों का पंजीयन कराने को कहा। अधीक्षण अभियन्ता विद्युत अखिलेश कुमार ने बताया कि किसान मुफ्त बिजली योजना उत्तर प्रदेश सरकार की एक महत्वपूर्ण योजना है। जिसके अंतर्गत 31 मार्च 2023 के बाद निजी नलकूप धारक किसानों के बिजली के बिल माफ किए जाएंगे। उन्होंने बताया कि 10 हॉर्स पावर तक के निजी नलकूप धारक किसान के लिए 1045 यूनिट निशुल्क रहेगी। उन्होंने बताया कि 31 मार्च 2023 के बाद के निजी नलकूप के लिए किसान मुफ्त बिजली योजना का लाभ लेने के लिए किसान को नचचबसण्वतह वेबसाइट पर अपना पंजीयन करना होगा उन्होंने बताया कि 31 मार्च 2023 से पूर्व के निजी नलकूप के बिजली के बिल का भुगतान संबंधित किसान को करना होगा। जो वह 06 किस्तों में कर सकता है। उन्होंने बताया कि किसान को अपने घर के विद्युत कनेक्शन के संबंध में ब्यौरा भी देना होगा तथा उसके लिए केवाईसी भी करानी होगी। उन्होंने बताया कि जनपद में करीब 40 हजार निजी नलकूप धारक किसान है। इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व वैभव शर्मा सहित विद्युत विभाग के अन्य अभियंता आदि मौजूद रहे।

जिलाधिकारी ने की डूडा मुरादाबाद के कार्यों की समीक्षा

जिलाधिकारी श्री अनुज सिंह ने जिला नगरीय विकास अभिकरण मुरादाबाद द्वारा संचालित योजनाओं में प्रगति की समीक्षा की। बैठक में प्रधानमंत्री आवास योजना शहरी में विस्तार एवं निर्माण संबंधी प्रगति की समीक्षा की गई। समीक्षा के दौरान जिलाधिकारी ने पी0ओ0 डूडा को योजना के अंतर्गत जारी की गई तृतीय किस्त एवं पूर्ण आवासों की संख्या में अंतर को कम करने हेतु फॉलोअप करके उचित कार्यवाही करने के निर्देश दिए। इसके साथ ही बैठक में मुख्यमंत्री नगरी अल्प विकसित व मलिन बस्ती विकास योजना पर भी चर्चा की गई, जिस पर जिलाधिकारी ने संबंधित अधिकारी को यथोचित कार्यवाही करने के निर्देश दिए। बैठक में अपर जिलाधिकारी प्रशासन श्री गुलाब चन्द्र, पी0ओ0 डूडा श्रीमती अनामिका सक्सेना, समस्त अधिशासी अधिकारी नगर पंचायत/ नगर पालिका एवं अन्य संबंधित अधिकारीगण उपस्थित रहे।

सहायक निदेशक सेवायोजन डा0 सुशील कुमार ने बताया कि प्रदेश सरकार द्वार सेवायोजन विभाग के पोर्टल **rojgaarsangam.up.gov.in** के माध्यम से जापान में केयरगिवर व केयरटेकर, जर्मनी में नर्सिंग एवं इजराइल में केयरगिवर व पेशेन्टकेयर के पदों के सापेक्ष योग्य अभ्यर्थियों की मांग की गयी है, जिसका नोटिफिकेशन सेवायोजन विभाग के **rojgaarsangam.up.gov.in** पोर्टल पर अपलोड किया जा चुका है। उन्होंने बताया कि इस नोटिफिकेशन में पदों से संबंधित वांछित योग्यताओं का विस्तृत विवरण उल्लिखित है। संबंधित नोटिफिकेशन को **rojgaarsangam.up.gov.in** पोर्टल के होम पेज पर जॉब आइकन में जाकर ओवरसीज जॉब में देखा जा सकता है। उक्त पदों के सापेक्ष योग्य अभ्यर्थियों के आवेदन हेतु रिक्तियों को पोर्टल पर लाइन भी कर दिया गया है। सहायक निदेशक सेवायोजन ने बताया कि रिक्ति में अभ्यर्थी रोजगार संगम पोर्टल पर जनरल जॉब सीकर के रुप में पंजीयन कराने के उपरान्त **rojgaarsangam.up.gov.in** पोर्टल पर अपलोड रिक्ति में अपनी यूजर आईडी को लॉग-इन कर योग्यतानुसार आवेदन कर सकते है। अधिक जानकारी हेतु क्षेत्रीय सेवायोजन कार्यालय में किसी भी कार्य दिवस के दिन में संपर्क किया जा सकता है।

बरेली न्यायालय परिसर के बाहर अधिवक्ता पर दिन दहाड़े फायरिंग , बदमाशों के हौंसले बुलंद

क्यूँ न लिखूँ सच -सत्यम शर्मा

बरेली- बरेली में कोर्ट परिसर के बाहर एक अधिवक्ता पर फायर कर दिया। गोली चलते ही वह जमीन पर गिर पड़े और बाल-बाल बच गए। घटना के बाद कोर्ट परिसर में हड़कंप मच गया ।आज शुक्रवार को दोपहर कोर्ट परिसर के बाहर अधिवक्ता राम सोलंकी पर अचानक फायर झोंक दिया। गोली चलते ही वह तुरंत जमीन पर गिर गए, जिससे उनकी जान बच गई। गोली की आवाज सुनते ही परिसर में अफरा तफरी मच गई। अन्य अधिवक्ताओं ने तत्काल सक्रियता दिखाते हुए आरोपियों को पकड़ लिया और उनकी पिटाई कर दी , पुलिस ने मौके पर पहुंचकर चार आरोपियों को हिरासत में लिया और उन्हें कोतवाली ले जाकर पूछताछ शुरू कर दी। आरोपियों को छुड़ाने के दौरान पुलिस को काफी मशक्कत करनी पड़ी, क्योंकि अधिवक्ताओं का गुस्सा शांत नहीं हो रहा था ,घटना की गंभीरता को देखते हुए आलाधिकारी, एसपी सिटी और सीओ प्रथम भी मौके पर पहुंचे। पुलिस ने घटना स्थल का मुआयना किया और आसपास लगे सीसीटीवी फुटेज की जांच शुरू कर कार्यवाही तेज कर दी है ।।

ग्राम पचोमी में पंचेश्वर नाथ मंदिर में बाबा की बेरहमी से हत्या, गांव में फैला दहशत का माहौल

क्यूँ न लिखूँ सच -रजनीश श्रीवास्तव

बरेली- बुधवार रात फरीदपुर के पचौमी गांव में एक दिल दहला देने वाली घटना ने पूरे गांव को स्तब्ध कर दिया। पंचेश्वर नाथ मंदिर में रहने वाले बाबा शिव चंद गिरी की डंडा और ईंट से कुचलकर हत्या कर दी गई। हत्या के बाद से गांव में दहशत का माहौल है। गुरुवार को गांव के लोगों ने बताया कि बाबा शिव चंद गिरी ने रात में पंचेश्वर नाथ मंदिर पर शराब पी थी। इसके बाद वह काली माता गौगड़ा मंदिर पहुंचे, जहां उनकी हत्या कर दी गई। जब बाबा अमित गिरी मंदिर पहुंचे, तो उन्होंने शिव चंद गिरी को गंभीर हालत में पाया। ग्राम प्रधान को सूचना दी गई, जिन्होंने तत्काल एंबुलेंस मंगवाई, लेकिन अस्पताल ले जाने से पहले ही उनकी मौत हो गई। घटना की जानकारी मिलते ही पुलिस और फॉरेंसिक टीम मौके पर पहुंची। टीम ने घटनास्थल से डंडा, ईंट और अन्य साक्ष्य जब्त किए। शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है। पुलिस का कहना है कि जल्द ही मामले का खुलासा किया जाएगा। मृतक बाबा करीब छह दिन पहले ही बाहर से आकर पंचेश्वर नाथ मंदिर में रह रहे थे। इस हत्या के बाद गांव के लोग डरे हुए हैं और घटना को लेकर हैरान हैं पुलिस अधिकारियों का कहना है कि मामले की हर पहलू से जांच की जा रही है। दोषियों को जल्द ही गिरफ्तार कर सख्त सजा दी जाएगी। यह घटना समाज में बढ़ती हिंसा और असुरक्षा को उजागर करती है। ग्रामीण अब जल्द न्याय की उम्मीद कर रहे हैं।

पंचायत भवन सभागार में मण्डलायुक्त की अध्यक्षता में मुख्यमंत्री युवा उद्यमी विकास अभियान की कार्यशाला आयोजित

योजना से जुड़कर उद्यशीलता की ओर युवा बढ़ाये कदम, संवारे भविष्य-मण्डलायुक्त मुख्यमंत्री युवा उद्यमी विकास अभियान से प्रदेश व जिले में एमएसएमई को लगेंगे पंख परियोजना लागत का 10 प्रतिशत मार्जिन मनी अनुदान निर्धारित एमएसएमई पोर्टल पर ही प्रोजेक्ट रिपोर्ट बनाने की व्यवस्था कर दी गयी है आज पंचायत भवन सभागार में मण्डलायुक्त श्री आन्जनेय कुमार सिंह की अध्यक्षता में मुख्यमंत्री युवा विकास योजना के संबंध में वृहद कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला का शुभारंभ मण्डलायुक्त एवं जिलाधिकारी द्वारा दीप प्रज्जवलित कर किया गया। मण्डलायुक्त ने मुख्यमंत्री युवा उद्यमी विकास योजना के बारे में प्रकाश डालते हुए कहा की यह योजना बहुत ही महत्वपूर्ण योजना है और इस योजना से युवक उद्यमशीलता की ओर कदम बढ़ाकर भविष्य को संवारेंगे। उन्होंने कहा कि अपनी क्षमता और नए आइडिया का इस्तेमाल कर इस योजना का लाभ उठाएं। इस योजना के अंतर्गत समय से लोन मिल सके, इसकी मॉनिटरिंग नियमित तौर पर की जाएगी। उन्होंने उपस्थित लोगों से अपील की कि इस योजना को ज्यादा से ज्यादा युवाओं तक पहुंचाया जाए, जिसे वह अपने सपने और नए आइडियाज को व्यावहारिकता में साकार कर सकें। मण्डलायुक्त द्वारा योजनान्तर्गत सकारात्मक कार्यवाही करने पर प्रथमा ग्रामीण बैंक की सराहना भी की। इस अवसर पर जिलाधिकारी श्री अनुज सिंह ने कहा कि वर्तमान सरकार का रोजगार के साथ-साथ स्वरोजगार पर भी जोर है, इस योजना से युवा अपनी उन्नति के साथ-साथ अपने साथ कुछ और लोगों की भी उन्नति में सहभागिता सुनिश्चित कर सकते हैं। इस योजना में युवाओं को ध्यान में रखते हुए स्वरोजगार के लिए सुलभ ऋण की व्यवस्था की गई है। उन्होंने बताया कि एमएसएमई पोर्टल पर विशेषज्ञों द्वारा वीडिया भी अपलोड किए जा रहे हैं, जिससे युवाओं को उद्यम संबंधी सहायता मिल सकेगी। कार्यशाला में संयुक्त आयुक्त उद्योग ने बताया कि योजना का लाभ उठाने हेतु अप्लाई करने के दौरान फोटो, हस्ताक्षर, आयु प्रमाण पत्र, व्यक्तिगत/पैतृक मकान (बिजली बिल/वोटर आईडी/आधार कार्ड की प्रति), शैक्षणिक योग्यता संबंधी प्रमाण-पत्र, स्वप्रमाणित शपथ-पत्र, जाति प्रमाण पत्र (अनु0जाति/अनु0जनजाति/अन्य पिछड़ा वर्ग), ऋण प्रदाता बैंक के साथ संपर्क इतिहास (संबंधित बैंक शाखा में चालू/बचत खाता के पासबुक का प्रथम पृष्ठ की प्रति), अनुभव प्रमाण पत्र अथवा अन्य सुसंगत प्रमाण पत्र की प्रति, दिये गये पते पर कब से निवास कर रहे हैं (पार्षद/ग्राम प्रधान/वार्ड मेम्बर द्वारा निर्गत प्रमाण पत्र की प्रति), पैन कार्ड, परियोजना रिपोर्ट तथा कौशल प्रमाण पत्र/प्रशिक्षण प्रमाण पत्र/आरएसईटी से प्राप्त प्रशिक्षण/आईटीआई से प्राप्त प्रशिक्षण/कम्प्यूटर प्रशिक्षण प्रमाण पत्र अपलोड करना होगा।उन्होंने बताया कि उद्योग एवं सेवा क्षेत्र की अधिकतम रुपए 5 लाख तक की परियोजनाओं के ऋण पर अनुदान निर्धारित किया जाएगा। रुपए 5 लाख से अधिक रुपए 10 लाख तक परियोजना लागत वाली इकाइयों में ऋण वित्त की व्यवस्था लाभार्थी को स्वयं के स्त्रोतों से करनी होगी जिसके सापेक्ष कोई अनुदान देय नहीं होगा। उद्योग एवं सेवा क्षेत्र की परिभाषा भारतीय संसद द्वारा अधिनियमित सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम विकास अधिनियम 2006 में यथा परिभाषित से है। उद्योग का सुस्पष्ट आशय विनिर्माण क्षेत्र से है। विनिर्माण क्षेत्र में संलग्न होने वाली सभी इकाइयां उद्योग की श्रेणी में वर्गीकृत की जाएगी।

